पमरे के भोपाल मण्डल में प्री एनआई/एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य किया जायेगा, इसके फलस्वरुप कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा

जबलपुर 21 नवम्बर। रेल प्रशासन द्वारा अधोसंरचना विकास के कार्यों को शीघ्र पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है। इसी संदर्भ में अधोसंरचना विकास हेतु पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के अंतर्गत बुदनी, मिडघाट, चौका एवं बरखेड़ा स्टेशनों में प्री एनआई व एनआई कमीशनिंग के तहत तीसरी लाइन कनेक्टीविटी का कार्य दिनांक 27 नवम्बर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक किया जायेगा। इस कार्य के फलस्वरूप कुछ यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। इस कार्य के पूर्ण होते ही गाडियों के परिचालन में गतिशीलता आयेगी। इस कार्य के दौरान पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली निरस्त/आंशिक निरस्तीकरण/मार्ग परिवर्तन रेलगाड़ियों का विवरण इस प्रकार है :-

रद्द होने वाली गाडियां :-

1) गाड़ी संख्या 12061 रानी कमलापति-जबलपुर जनशताब्दी एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक तथा गाड़ी संख्या 12062 जबलपुर-रानी कमलापति जनशताब्दी एक्सप्रेस दिनांक 28.11.2023 से 10.12.2023 तक निरस्त रहेगी।
2) गाड़ी संख्या 22187/22188 रानी कमलापति-अधारताल-रानी कमलापति इंटरसिटी एक्सप्रेस दिनांक 07.12.2023 से 09.12.2023 तक दोनों दिशाओं में निरस्त रहेगी।
3) गाड़ी संख्या 01665 रानी कमलापति-अगरतला एक्सप्रेस स्पेशल दिनांक 07.12.2023 को तथा गाड़ी संख्या 01666 अगरतला-रानी कमलापति एक्सप्रेस दिनांक 11.12.2023 को निरस्त रहेगी।
4) गाड़ी संख्या 11601/11602 बीना-कटनी-बीना मेमू स्पेशल दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक निरस्त रहेगी।
5) गाड़ी संख्या 06603/06604 बीना-कटनी मुड़वारा-बीना मेमू स्पेशल दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक निरस्त रहेगी।
6) गाड़ी संख्या 12153 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-रानी कमलापति एक्सप्रेस दिनांक 07.12.2023 को तथा गाड़ी संख्या 12154 रानी कमलापति-लोकमान्य तिलक टर्मिनस एक्सप्रेस दिनांक 08.12.2023 को निरस्त रहेगी।

आंशिक निरस्त होने वाली गाड़ियाँ :-

1) गाड़ी संख्या 12853 दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस दिनांक 26.11.2023 से 08.12.2023 तक एवं गाड़ी संख्या 12854 भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक दुर्ग-इटारसी-दुर्ग के मध्य चलेगी तथा इटारसी-भोपाल-इटारसी के मध्य आंशिक निरस्त रहेगी।

मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियाँ :-

1) गाड़ी संख्या 11464 जबलपुर-वेरावल सोमनाथ एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुडवारा-बीना-भोपाल होकर गंतव्य को जाएगी।
2) गाड़ी संख्या 11463 वेरावल-जबलपुर सोमनाथ एक्सप्रेस दिनांक 28.11.2023 से 08.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा होकर गंतव्य को जाएगी।
3) गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर ओवरनाइट एक्सप्रेस दिनांक 07.12.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुडवारा-बीना-भोपाल होते हुए गंतव्य को जाएगी।
4) गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर ओवरनाइट एक्सप्रेस दिनांक 07.12.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी।
5) गाड़ी संख्या 12192 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन श्रीधाम एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया जबलपुर-कटनी मुड़वारा-बीना होते हुए गंतव्य को जाएगी।

6) गाड़ी संख्या 12191 हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर श्रीधाम एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया बीना-कटनी मुड़वारा होते हुए गंतव्य को जाएगी।
7) गाड़ी संख्या 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया न्यू कटनी जंक्शन-कटनी मुड़वारा-बीना-भोपाल होकर गंतव्य को जाएगी।
8) गाड़ी संख्या 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया भोपाल-बीना-कटनी मुड़वारा-न्यू कटनी जंक्शन होकर गंतव्य को जाएगी।
9) गाड़ी संख्या 11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बनारस कामायनी एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया इटारसी-जबलपुर-कटनी होते हुए गंतव्य को जाएगी।
10) गाड़ी संख्या 11072 बनारस-लोकमान्य तिलक टर्मिनस कामायनी एक्सप्रेस दिनांक 27.11.2023 से 09.12.2023 तक अपने निर्धारित मार्ग के बजाय परिवर्तित मार्ग वाया कटनी-जबलपुर-इटारसी होते हुए गंतव्य को जाएगी।

यात्रीगण कृपया असुविधा से बचने के लिए रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से गाड़ी की सही स्थिति की जानकारी पता करके तदनुसार यात्रा प्रारम्भ करें।

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/570/2023 दिनांक 21.11.2023

सम्माननीय संपादक,

कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकारी
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर